



RAMKESH RAWAT

# Current Affairs MONTHLY MARCH 2023







Complete Coverage

**March 2023**

Comprehensively Usefu
NDA, CDS, SSC (CGL Tier-II, CHSL, M able)
Agniveer, BSSC, UPSSSC, RPSC, MP PSC
and Other National and State Go s



DEMO

Current Affairs एक ऐसा विषय है जो हर पल अपडेट होता रहता है। यानी कि उसमें हमेशा कुछ ना कुछ नया जुड़ता रहता है। इसलिए प्रतियोगी परीक्षा या Sarkari Exam की तैयारी करने वाला अभ्यार्थी रोजाना की Current Affairs के साथ अपडटे रहें | इस पीडीऍफ़ में आप **मार्च 2023** की सम्पूर्ण माह की करंट अफेयर्स का अध्ययन करोगे | दैनिक करंट अफेयर्स के लिए आप हमारे **App** को **डाउनलोड** कर सकते हैं, जो **Play store** पर निःशुल्क उपलब्ध है |

**Q. हाल ही में सूरत की अदालत ने मानहानि मामले में राहुल गांधी को कितने साल की सजा सुनाई है – 2 साल**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

- राहुल गांधी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में रैली के दौरान कहा था, 'सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है' |
- इस मामले पर याचिकाकर्ता और विधायक पूर्णेश मोदी ने सूरत की आदालत में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था |
- सूरत की अदालत ने मानहानि मामले में राहुल गांधी को दो साल जेल की सजा का फैसला IPC की धारा 499 & 500 के तहत सुनाई है |
- राहुल ने कोर्ट में अपना पक्ष भी रखा उनके वकील के मुताबिक, “राहुल ने कहा कि बयान देते वक्त मेरी मंशा गलत नहीं थी। मैंने तो भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई थी |

**IPC की धारा 499 –** कोई व्यक्ति अगर किसी दूसरे के बारे में कोई ऐसा लांछन लगाता है, जिससे दूसरे व्यक्ति की ख्याति की अपहानि हो, वो मानहानि कहलाता है। हालांकि इसके कई अववाद है, जैसे कि यह आरोप सही है, तो मानहानि नहीं कहलाएगा |

**IPC की धारा 500 –** जो कोई किसी अन्य व्यक्ति की मानहानि करेगा, वह सादा कारावास, जिसकी अवधि दो वर्ष तक हो सकेगी, या जुर्माना, या दोनों से दंडित किया जाएगा |

समसामयिकी मार्च 2023



DOWNLOAD APP

BY - RAMKESH Rawat
Download App (Available On Play Store & App Store)

DEMO

### राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता भी गई :-

- लोकसभा अध्यक्ष ने अदालत के फैसले को स्वीकार किया और राहुल गांधी की सदस्यता को समाप्त कर दिया है।
- वह केरल के Wayanad से सांसद थे।

**Q. भारत और किस देश की नौसेना के बीच अरब सागर में समुद्री अभ्यास 'कोंकण' आयोजित हुआ है - यूनाइटेड किंगडम**

### अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :

- भारतीय नौसेना और यूके की रॉयल नेवी के बीच वार्षिक द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास 'कोंकण' 20-22 मार्च तक अरब सागर में कोंकण तट पर आयोजित किया गया है।

**Q. किस पड़ोसी देश ने चीन की मदद से अपना पहला पनडुब्बी बेस शुरू किया है - बांग्लादेश**

### अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :

- बांग्लादेश ने चीन की मदद से बने इस सबमरीन बेस को कॉक्स बाजार के पेकुआ में स्थापित किया गया है।
- इसका नाम 'BNS शेख हसीना' है।
- सबमरीन बेस की लागत - 1.21 अरब डॉलर
- क्षमता - 6 पनडुब्बी और 8 युद्धपोतों की तैनाती

### बांग्लादेश :-

- राजधानी - ढाका
- PM - शेख हसीना
- राष्ट्रपति - शहाबुद्दीन चुप्पू





BY - RAMKESH Rawat
Download App (Available On Play Store & App Store)
DOWNLOAD APP



DEMO

- मुद्रा - टका

**Q. यूनेस्को की रिपोर्ट के अनुसार कितने प्रतिशत आबादी के पास सुरक्षित पेयजल नहीं है - 26%**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

- रिपोर्ट के अनुसार दो से तीन अरब लोग प्रति वर्ष कम से कम एक महीने पानी की कमी का अनुभव करते हैं।
- वैश्विक जल संकट को नियंत्रण से बाहर होने से रोकने के लिए मजबूत अंतर्राष्ट्रीय तंत्र स्थापित करने की तत्काल आवश्यकता है।

**यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) :-**

- यह संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है।
- इसकी स्थापना 16 नवंबर 1945 को हुई थी।
- इसका मुख्यालय : पेरिस, फ्रांस
- यूनेस्को के सदस्य - 193 देश
- यूनेस्को प्रमुख - ऑड्रे अज़ोले

**Q. हाल ही में "वन वर्ल्ड टीबी समिट" का आयोजन कहाँ किया गया है - वाराणसी**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 मार्च को वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में 'वन वर्ल्ड टीबी समिट' को संबोधित किया।
- विश्व क्षय रोग दिवस को चिह्नित करने के लिए, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) और स्टॉप टीबी पार्टनरशिप शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं।





BY - RAMKESH Rawat
Download App (Available On Play Store & App Store)
DOWNLOAD APP



DEMO

## स्टॉप टीबी पार्टनरशिप के बारे में :-

- स्टॉप टीबी पार्टनरशिप की स्थापना 2001 में हुई थी।
- यह संयुक्त राष्ट्र द्वारा होस्ट किया गया संगठन है जो टीबी से प्रभावित लोगों, समुदायों और देशों की आवाज़ को बुलंद करता है।
- इसका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में तपेदिक को खत्म करना है।
- सचिवालय - जिनेवा, स्विट्जरलैंड

## Q. हाल ही में गणित के लिए एबेल पुरस्कार 2023 किसे प्रदान किया गया है - लुईस कैफेरेली

### अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :

- अर्जेंटीना- अमेरिकी लुइस कैफेरेली को गणित के लिए एबेल पुरस्कार दिया गया।
- लुइस कैफेरेली "आंशिक अंतर समीकरण" के विशेषज्ञ हैं।

### एबेल पुरस्कार/Abel Prize :-

- एबेल पुरस्कार प्रतिवर्ष नॉर्वे के राजा द्वारा एक या एक से अधिक उत्कृष्ट गणितज्ञों को प्रदान किया जाता है।
- इसका नाम नार्वेजियन गणितज्ञ नील्स हेनरिक एबेल के नाम पर रखा गया है।
- पुरस्कार समारोह ओस्लो विश्वविद्यालय में आयोजित होता है।
- इसमें 7.5 मिलियन नॉर्वेजियन क्रोनर का पुरस्कार दिया जाता है।

समसामयिकी मार्च 2023



DOWNLOAD APP
BY - RAMKESH Rawat
Download App (Available On Play Store & App Store)

DEMO

**Q. हाल ही में किस राज्य ने 01 मार्च 2023 को 3,14,025 करोड़ रुपये का ग्रीन बजट पेश किया है - मध्य प्रदेश**

**Other important point :**

- बजट वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने पेश किया है |
- मध्य प्रदेश सरकार ने 3,14,025 करोड़ रुपये का ग्रीनबजट पेश किया |
- बजट में किसी नए कर का प्रावधान नहीं है और कई श्रेणियों में स्टांप ड्यूटी में भी कटौती की गई है |
- सरकार ने मेधावी लड़कियों के लिए मुख्यमंत्री बालिका स्कूटी योजना शुरू करने की घोषणा की |
- इस योजना के तहत राज्य में 12वीं कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को स्कूटी उपहार में दी जाएगी |

**Q. हाल ही में किस नेशनल पार्क को बेस्ट वाइल्डलाइफ डेस्टिनेशन श्रेणी में इंडिया टुडे का एडिटर्स चॉइस अवार्ड मिला है - सतपुड़ा नेशनल पार्क**

**Other important point :**

- मध्य प्रदेश के सतपुड़ा नेशनल पार्क को बेस्ट वाइल्डलाइफ डेस्टिनेशन श्रेणी में इंडिया टुडे का एडिटर्स चॉइस अवार्ड मिला है |
- दिल्ली में इंडिया टुडे टूरिज्म सम्मिट एंड अवार्ड समारोह में सतपुडा नेशनल पार्क को केंद्रीय संस्कृति और संसदीय कार्य राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल ने अवार्ड प्रदान किया है |

**Q. हाल ही में कहाँ पर प्रखर राष्ट्रवादी नेता स्वर्गीय दादा निर्भय सिंह पटेल जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया है - इंदौर**

**Other important point :**





BY - RAMKESH Rawat
Download App (Available On Play Store & App Store)
DOWNLOAD APP

DEMO

- हाल ही में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर के बेटमा में विकास यात्रा के दौरान पूर्व मंत्री व प्रखर राष्ट्रवादी नेता स्वर्गीय दादा निर्भय सिंह पटेल जी की स्मृति को चिरस्थाई बनाने के लिए उनकी प्रतिमा का अनावरण किया है।
- हाल ही में श्री शिवराज सिंह चौहान ने 19 फरवरी 2023 को छिंदवाड़ा जिले के सौंसर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया है।

**Q. हाल ही में मध्यप्रदेश के किस क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता को पांचवी बार सांसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है - मंदसौर क्षेत्र**

**Other important point :**

- हाल ही में प्राइम पॉइंट फाउंडेशन ने 13 सांसदों को सांसद रत्न पुरस्कार 2023 के लिए चुना है।
- इनमें मध्यप्रदेश के मंदसौर क्षेत्र के भाजपा सांसद सुधीर गुप्ता को भी शामिल किया गया है।
- श्री सुधीर गुप्ता को पांचवीं बार सांसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

**Q. हाल ही में ई-शिक्षा पोर्टल का लोकार्पण किसने किया है - डॉ मोहन यादव**

**Other important point :**

- हाल ही में राष्ट्रीय शिक्षा नीति और मध्यप्रदेश में युवा नीति पर जबलपुर स्थित मानस भवन में संभाग स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई है।
- इस कार्यशाला में मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव ने ई-शिक्षा पोर्टल का लोकार्पण किया है। ऑनलाइन माध्यम से जबलपुर संभाग के 86 शासकीय महाविद्यालयों एवं 225 निजी महाविद्यालयों में उक्त कार्यशाला का लाइव प्रसारण भी किया गया है।





DOWNLOAD APP

BY - RAMKESH Rawat

Download App (Available On Play Store & App Store)

DEMO

**Q. हाल ही में मध्यप्रदेश में 25 फरवरी 2023 को हुई कैबिनेट की बैठक में किस योजना का अनुमोदन किया गया है - मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना**

**Other important point :**

- 'लाडली बहना' योजना के तहत राज्य में महिलाओं को प्रति माह एक हजार रूपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी
- लाड़ली बहना योजना के लिए 8 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।
- 2 लाख 50 हजार तक की वार्षिक आय वाले परिवार की बहनें इस योजना के लिए पात्र होंगी।
- 5 एकड़ से कम कृषि भूमि वाले किसान परिवार की बहनें भी इस योजना के पात्र होंगी।

**Q. हाल ही में बोला टीनूबू किस देश के नए राष्ट्रपति बने हैं - नाइजीरिया**

**Other important point :**

- नाइजीरिया राष्ट्रपति चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार बोला टीनूबू देश के नए राष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं।
- बोला टीनूबू का संबंध '**ऑल प्रोग्रेसिव कांग्रेस पार्टी**' से रहा है

**Q. हाल ही में किसने CE-20 क्रायोजेनिक इंजन का ताप परीक्षण सफलतापूर्वक किया है - ISRO**

**क्रायोजेनिक इंजिन क्या है ?**

- ये एक ऐसा इंजन होता जिसमे सामान्यतः ईंधन लिक्विड हाइड्रोजन होता है लिक्विड हाइड्रोजन का तापमान -253 डिग्री सेल्सियस से भी कम रहता और ऑक्सीजन का तापमान - 183 डिग्री सेल्सियस से भी कम रहता है।

समसामयिकी मार्च 2023



DOWNLOAD APP

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने CE-20 क्रायोजेनिक इंजन का ताप परीक्षण सफलतापूर्वक किया।
- यह इंजन चंद्रयान-3 मिशन के लिए लॉन्च व्हीकल मार्क-3 प्रक्षेपण यान के क्रायोजेनिक ऊपरी चरण को शक्ति प्रदान करेगा।

### क्रायोजेनिक इंजन का इतिहास :

- अभी दुनिया में सिर्फ छह देश ही है जो जिनके पास क्रायोजेनिक रॉकेट इंजन हैं जैसे की चीन, इंडिया, अमेरिका, रूस, फ्रांस, और जापान
- भारत में क्रायोजेनिक इंजन का उपयोग करने में सफलता 2014 में पाई थी।

### Q. हाल ही में प्रेस सूचना ब्यूरो के नए प्रधान महानिदेशक कौन बने हैं - राजेश मल्होत्रा

### Other important point :

- केन्द्रीय सरकार ने '**भारतीय सूचना सेवा**' के वरिष्ठ अधिकारी राजेश मल्होत्रा को '**पत्र सूचना कार्यालय**' का प्रधान महानिदेशक नियुक्त किया है।
- वर्ष 1989 बैच के सूचना अधिकारी राजेश मल्होत्रा को सत्येंद्र प्रकाश के स्थान पर इस पद पर नियुक्त किया गया है।
- सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने प्रिया कुमार को दूरदर्शन यूज का महानिदेशक नियुक्त किया है।

- भारत के सूचना और प्रसारण मंत्री :- अनुराग ठाकुर

### Q. हाल ही में ASI के द्वारा किस राज्य में 1300 साल पुराने बौद्ध स्तूप की खोज की है - ओडिशा

### Other important point :





BY - RAMKESH Rawat
Download App (Available On Play Store & App Store)
DOWNLOAD APP



DEMO

- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने 1300 साल पुराने बौद्ध स्तूप (मठ) की खोज की है |
- यह ओडिशा के जाजपुरे जिले के सुखुआपाड़ा गांव के परभाडी में खोंडालाइट खनन स्थल पर खोजा गया है |
- मठ भौमकारा राजवंश के समय का है |
- इसकी ऊंचाई 4.5 मीटर है |

### भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण :-

- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संस्कृति मंत्रालय के अधीन कार्य करता है |
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की स्थापना वर्ष 1861 में हुई थी |
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का मुख्यालय नई दिल्ली में है |
- भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण का प्रमुख कार्य राष्ट्रीय महत्त्व के प्राचीन स्मारको तथा पुरातत्त्वीय स्थलों और अवशेषों का रखरखाव करना है |
- वर्तमान महानिदेशक वी. विद्यावती हैं।

### Q. हाल ही में डायरेक्टर जनरल क्वालिटी एश्योरेंश के रूप में कौन नियुक्त हुए हैं - आर.एस. रीन

### Other important point :

- लेफ्टिनेंट जनरल आर. एस. रीन ने डायरेक्टर जनरल क्वालिटी एश्योरेंस का पदभार संभाला है |
- 1986 बैच के अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल रीन भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून के पूर्व छात्र है |

### क्वालिटी एश्योरेंस :-

समसामयिकी मार्च 2023



Download App (Available On Play Store & App Store)

DOWNLOAD APP

- क्वालिटी एश्योरेंस, क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम का एक भाग है जो की हमे इस बात का कॉन्फिडेंस देने मे फोकस करता है कि हमारा जो प्रोडक्ट बनेगा वह सभी Quality Requirements को पूरी करेगा |

**उद्देश्य :-** प्रोडक्ट को बनाने से पहले ही प्रोडक्ट डेवलपमेंट और टेस्ट प्रोसेस को और ज्यादा बेहतर बनाना

**Q. हाल ही में बेस्ट एंटरप्रेन्योर ऑफ़ द ईयर अवार्ड से किसे सम्मानित किया गया है - सज्जन जिंदल**

**Other important point :**

- केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भारतीय उद्योगपति, सज्जन जिंदल को वर्ष 2022 के लिए बेस्ट एंटरप्रेन्योर ऑफ़ द इयर अवार्ड से सम्मानित किया |
- लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार DLF ग्रुप के चेयरमैन केपी सिंह को दिया गया |
- जिंदल ने 2021 से 2022 तक वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में काम किया है |
- 2014 में इंडियन स्टील एसोसिएशन की स्थापना में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है |

**Q. हाल ही में पेप्सी के द्वारा किसे अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है - रणवीर सिंह**

**पेप्सिको PepsiCo :-**

- सीईओ : रेमन लागुआर्टा
- मुख्यालय : खरीद, हैरिसन, न्यूयॉर्क, USA
- स्थापना : 1965

समसामयिकी मार्च 2023
मध्यप्रदेश सामान्य ज्ञान



DEMO

**Q. हाल ही में नितिन गडकरी ने कहाँ 7 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया है – बलिया, उत्तरप्रदेश**

**Other important point :**

- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने चितबड़ा गांव, बलिया, उत्तर प्रदेश में 6500 करोड़ के निवेश से 7 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया |
- बलिया लिंक एक्सप्रेस-वे के बन जाने से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के जरिए लखनऊ से पटना साढ़े चार घंटे में पहुंचा जा सकेगा |

**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण :-**

- स्थापित - 1995
- यह सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की एक नोडल एजेंसी है।
- अध्यक्ष - संतोष कुमार यादव

**Q. हाल ही में NASA के विज्ञान प्रमुख के रूप में किसे नियुक्त किया गया है - निकोला फॉक्स**

**Other important point :**

- NASA ने सौर वैज्ञानिक 'निकोला फॉक्स' को विज्ञान प्रमुख के रूप में नियुक्त किया है |
- वह भूमिका निभाने वाली पहली महिला होंगी |
- वह सूरज का अध्ययन करने वाले पार्कर सोलर प्रोब मिशन की पूर्व शीर्ष वैज्ञानिक हैं |

**NASA :- नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन**

- यह अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी है |






BY - RAMKESH Rawat
Download App (Available On Play Store & App Store)
DOWNLOAD APP

DEMO

- मुख्यालय – वाशिंगटन, डी.सी.
- स्थापना – 1958
- प्रशासक – बिल नेल्सन

**Q. हाल ही में सर्बश्रेष्ठ फीफा फुटबॉल अवाड्र्स में सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी किसे चुना गया है – लियोनेल मैस्सी**

**Other important point :**

- स्पेन की अलेक्सिया पुटेलस ने लगातार दूसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार जीता है |
- मुख्यालय : ज्यूरिख, स्विट्ज़रलैंड
- इसकी स्थापना 1904 में पेरिस, फ्रांस में हुई थी |
- अध्यक्ष : गियानी इन्फेंटिनो

**Q. हाल ही में हेकानी जाखालू किस राज्य की पहली महिला विधायक बनी है – नागालैंड**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

- हेकानी जाखालू का संबंध नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (NDPP) से हैं |
- निर्वाचन क्षेत्र का नाम दीमापुर है |
- 60 विधानसभा सीटों वाले नगालैंड में 184 उम्मीदवार मैदान में थे इनमें सिर्फ 4 महिलाएं थीं |

**नगालैंड :-**

- राजधानी – कोहिमा
- राज्यपाल – ला गणेशन
- स्थापना – 30 नवंबर 1963





BY - RAMKESH Rawat
Download App (Available On Play Store & App Store)
DOWNLOAD APP

DEMO

- त्योहार - हॉर्नबिल, तुलुनी

**Q. सुप्रीम कोर्ट के अनुसार अब मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पैनल में कौन-कौन शामिल होगा - प्रधानमन्त्री, लोकसभा में नेता विपक्ष और भारत के मुख्य न्यायाधीश**

### अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :

- मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है ।
- कोर्ट ने आदेश दिया कि PM, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और CJI का पैनल मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करेगा (पहले सिर्फ केंद्र सरकार इनका चयन करती थी)
- कमेटी नामों की सिफारिश राष्ट्रपति को करेगी इसके बाद राष्ट्रपति मुहर लगाएंगे ।
- उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में साफ कहा कि यह प्रोसेस तब तक लागू रहेगी, जब तक संसद चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर कोई कानून नहीं बना लेती ।
- संविधान का अनुच्छेद 324 (2) कहता है कि चुनाव आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त हो सकते हैं ।
- यह राष्ट्रपति पर निर्भर करता है कि इसकी संख्या कितनी होगी आजादी के बाद देश में चुनाव आयोग में सिर्फ मुख्य चुनाव आयुक्त होते थे ।

### भारत निर्वाचन आयोग (Election Commission of India) :-

- इनका कार्यकाल 6 वर्ष का या 65 वर्ष की आयु तक होता है (जो पहले हो)
- वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और अन्य चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे और अरुण गोयल हैं ।
- भारत के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन थे ।

समसामयिकी मार्च 2023



BY - RAMKESH Rawat
Download App (Available On Play Store & App Store)
DOWNLOAD APP

DEMO

**Q. हाल ही में स्पेस-X क्रू-6 मिशन किसने लांच किया है - नासा**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

- NASA के स्पेस-X क्रू- 6 मिशन की सफल लॉन्चिंग हुई |
- स्पेस-X फॉल्कन-9 रॉकेट (ड्रैगन एंडेवर) ने अमेरिका में फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर नंबर 39A से लॉन्च हुआ है |
- यह एलन मस्क के स्पेस-X की छठीं ऑपरेशनल क्रू फ्लाइट है |
- एस्ट्रोनॉट्स का ये क्रू 6 महीने तक ISS पर रहेगा |
- यहां चारों एस्ट्रोनॉट्स हार्ट मसल टिशू, माइक्रोग्रैविटी में ह्यूमन सेल और टिशू को प्रिंट करने में सक्षम बायोप्रिंटर की टेस्टिंग करेगा |

**Q. हाल ही में एशिया की अब तक की सबसे लम्बी साइकिल रेस को किस शहर में आयोजित किया गया है - श्रीनगर**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

- एशिया की सबसे लंबी साइकिल दौड़ श्रीनगर में शुरू हुई जिसमें एक महिला सहित 29 साइकिल चालक रवाना हुए |
- इस साइकिल रेस का मार्ग बारह प्रमुख राज्यों, तीन प्रमुख महानगरों और देश के बीस से अधिक प्रमुख शहरों से गुजरते हुए 3651 किलोमीटर के राष्ट्रीय राजमार्ग-44 को कवर करने वाला सबसे लंबा राजमार्ग होगा |

**Q. हाल ही में किस राज्य के 3 जिलों में सोने की खदानों की खोज की गई है - ओडिशा**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

- सोने की खदान वाले जिले :- **देवगढ़, क्योंझर और मयूरभंज**
- ये सोने के भंडार क्योंझर जिले में चार स्थानों पर, मयूरभंज जिले में चार स्थानों पर और देवगढ़ जिले में एक स्थान पर पाए गए हैं |







DOWNLOAD APP

BY - RAMKESH Rawat

Download App (Available On Play Store & App Store)

DEMO

- फरवरी 2023 में जम्मू-कश्मीर में लिथियम का भंडार मिलने की पुष्टि हुई थी।
- कर्नाटक भारत में सोने का सबसे बड़ा उत्पादक है।

**Q. भारतीय वायु सेना को HAL से कितने HTT-40 बेसिक ट्रेनर विमान खरीदने को मंजूरी मिली है - 70**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय वायु सेना के लिए 6,828.36 करोड़ रुपये की लागत से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) से 70 HTT-40 बेसिक ट्रेनर विमान की खरीद को मंजूरी दी है।
- इन विमानों HALभारतीय वायु सेना को 6 वर्षों में भारतीय वायु सेना को देगा।

**Q. मोटे अनाज को प्रोत्साहन देने हेतु दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन कहाँ किया गया है - जबलपुर**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

- मोटे अनाज को प्रोत्साहन देने हेतु 1 और 2 मार्च 2023 को "मिलेट एक उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन समस्या और समाधान" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन जबलपुर में किया गया है।
- इस कार्यशाला में किसानों के साथ विद्यार्थी, वैज्ञानिक, संस्थागत सदस्य, स्टार्टअप, स्वयंसेवी संस्थाएं, कृषि उत्पाद समूह और कृषि संबंधित उद्योगों के प्रतिनिधि शामिल हुए हैं।
- मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है मिलेट को श्री अन्न नाम दिया गया है।
- हाल ही में पेश किए गए मध्यप्रदेश के बजट में मध्यप्रदेश मिलेट मिशन के लिए 1000 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है।







BY - RAMKESH Rawat
Download App (Available On Play Store & App Store)
DOWNLOAD APP

DEMO

- मध्यप्रदेश के डिंडोरी जिले की 27 वर्षीय जनजाति महिला लहरी बाई "श्री अन्न बीज बैंक की ब्रांड एंबेसडर है |

**Q. हाल ही में मध्यप्रदेश बांस एवं बांस शिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष पद पर किसे नियुक्त किया गया है – घनश्याम पिरोनिया**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

- हाल ही में 28 फरवरी 2023 को मध्यप्रदेश बांस एवं बांस शिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष पद पर श्री घनश्याम पिरोनिया को नियुक्त किया गया है |
- विकास निगम को कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्रदान किया गया है |
- मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम के अध्यक्ष श्री शैतान सिंह पाल को राज्य कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है।
- हाल ही में ही मध्य प्रदेश राज्य सांख्यिकी आयोग के अध्यक्ष श्री प्रवीण श्रीवास्तव को राज्य शासन ने राज्यमंत्री का दर्जा दिया है |

**Q. मध्यप्रदेश के कितने स्कूलों और कॉलेजों में G20 की तर्ज पर Y20 कार्यक्रम आयोजित होगा – 500**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

- मध्य प्रदेश के 500 स्कूलों और कॉलेजों में जी-20 की तर्ज पर Y20 कार्यक्रम आयोजित होगा |
- केंद्र सरकार ने मध्य प्रदेश में यह कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए नेहरू युवा केंद्र को नोडल एजेंसी बनाया है |
- यह कार्यक्रम अप्रैल मई 2023 में प्रस्तावित है |

**Q. हाल ही में वियतनाम की नेशनल असेम्बली ने किसी देश का नया राष्ट्रपति चुना है – वो वान थुओंग**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**





BY - RAMKESH Rawat
Download App (Available On Play Store & App Store)
DOWNLOAD APP



DEMO

- वियतनाम की नेशनल असेंबली द्वारा देश के नए राष्ट्रपति के रूप में वो वान थुओंग को चुना गया है |
- जनवरी में गुयेन जुआन फुक के अचानक इस्तीफे के बाद अब वो वान थुओंग को राष्ट्रपति चुना गया है |
- वह वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी (CPV) के पोलित ब्यूरो के सदस्य हैं |
- वो वान थुओंग का कार्यकाल 2026 तक होगा |

### वियतनाम :-

- राजधानी - हनोई
- प्रधान मंत्री - फाम मिन्ह चिन्ह
- मुद्रा - डोंग

**Q. हाल ही में Quad विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी किस देश के द्वारा की गई है - भारत**

### अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :

- विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने नई दिल्ली में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता की |
- बैठक में अमरीका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिकेन, जापान के विदेश मंत्री योशीमासा हायाशी और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग शामिल हुए |
- आतंकवाद का मुकाबला कैसे किया जाए इस चर्चा का विषय रहा है |

### क्या है क्वाड ?

- क्वाड यानी क्वाड्रीलेटरल सिक्योरिटी डायलॉग (QUAD) एक फोरम है जिसमें विश्व के चार देश यूएस, ऑस्ट्रेलिया, इंडिया और जापान शामिल हैं |
- समूह की पहली बैठक 2007 में हुई थी |





BY - RAMKESH Rawat
Download App (Available On Play Store & App Store)
DOWNLOAD APP

DEMO

**Q. हाल ही में केन्द्रीय विधुत नियामक आयोग (CERC) के नए अध्यक्ष कौन बने हैं - जिशनू बरुआ**

**Central Electricity Regulatory Commission (CERC) :-**

- स्थापना - 24 जुलाई 1998
- यह विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाली संस्था है |
- **कार्य :-** केंद्र सरकार के स्वामित्व वाली कंपनियों के बिजली उत्पादन के टैरिफ को विनियमित करना

**Q. भारत के स्वास्थ्य मंत्रालय को हाल ही में कौन सा पुरस्कार मिला है - पोर्टर पुरस्कार**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को कोविड-19 संकट से सफलतापूर्वक मुकाबला करने के लिए पोर्टर पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया है |
- पुरस्कार की घोषणा स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में प्रतिस्पर्धात्मकता संस्थान (IFC) और यूएस एशिया टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट सेंटर (USATMC) द्वारा आयोजित "द इंडिया डायलॉग" में की गई |
- यह पुरस्कार स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और मंत्रालय के सचिव राजेश भूषण को प्रदान किया गया |
- पोर्टर पुरस्कार अमेरिकी नागरिक माइकल ई पोर्टर (अर्थशास्त्री, शोधकर्ता, लेखक, सलाहकार, वक्ता और शिक्षक) के नाम पर रखा गया है |

**Q. हाल ही में ट्रिपल जम्पर ऐश्वर्या बाबू पर डोपिंग को लेकर कितने साल का प्रतिबन्ध लगाया गया है - 4 साल**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

समसामयिकी मार्च 2023



BY - RAMKESH Rawat
Download App (Available On Play Store & App Store)
DOWNLOAD APP

- भारत की राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक ट्रिपल जंपर ऐश्वर्या बाबू पर नाडा ने प्रतिबंधित एनाबोलिक स्टेरॉयड के सेवन को लेकर 4 साल का बैन लगा दिया है।

### राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (NADA) :-

- NADA की स्थापना 24 नवंबर 2005 को की गई थी यह भारत में डोपिंग संबंधी जांच करने वाली संस्था है।
- इसके अध्यक्ष भारत के खेल मंत्री होते हैं।

### विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (WADA) :-

- WADA की स्थापना 10 नवंबर 1999 को हुई थी।
- यह पूरे विश्व में एंटी डोपिंग एजेंसी है।
- उसका मुख्यालय मोंट्रियल, कनाडा में है।

### Q. एशियाई शतरंज महासंघ ने किसे वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाडी चुना है - डी गुकेश

### अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :

- भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को 44वें शतरंज ओलंपियाड में 9/11 के रिकॉर्ड तोड़ स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीतने के लिए एशियाई शतरंज महासंघ (ACF) द्वारा प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

### इंटरनेशनल चेस फेडरेशन/International Chess Federation :-

- एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जिसे 20 जुलाई 1924 को पेरिस, फ्रांस में स्थापित किया गया था।
- विश्व शतरंज चैंपियनशिप को नियंत्रित करता है।
- अध्यक्ष - अर्कडी ड्वोरकोविच

समसामयिकी मार्च 2023





BY - RAMKESH Rawat
Download App (Available On Play Store & App Store)
DOWNLOAD APP

- मुख्यालय - लुसान, स्विट्ज़रलैंड

**Q. हाल ही में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने कहाँ 7वें अन्तर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन का उद्घाटन किया है - भोपाल**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार (भोपाल) में 7वें अंतर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन का उद्घाटन किया है।

**उद्देश्य :-** धर्म-धम्म परंपराओं के धार्मिक, राजनीतिक और विचारक नेताओं को एक साथ लाना

- इस सम्मेलन में 15 देशों के 350 से अधिक विद्वान भाग ले रहे हैं।
- सम्मेलन में भूटान, मंगोलिया, श्रीलंका, इंडोनेशिया, थाईलैंड, वियतनाम, नेपाल, दक्षिण कोरिया, मॉरीशस, रुस, स्पेन, फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन भाग लेंगे।

**Q. कोबरा वारियर वायु अभ्यास में भाग लेने के लिए भारतीय वायु सेना किस देश में पहुंची है - ब्रिटेन**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

- भारतीय वायु सेना की 145 वायु सैनिक वारियर वायु अभ्यास में भाग लेने के लिए ब्रिटेन के वैडिंगटन एयर फोर्स बेस पर पहुंचे हैं।
- यह अभ्यास 06 मार्च 2023 से लेकर 24 मार्च 2023 तक आयोजित किया जाएगा।

**Q. फ्रेडरिक आंद्रे किस देश के क्राउन प्रिंस हैं जो भारत की यात्रा पर हैं - डेनमार्क**





BY - RAMKESH Rawat
Download App (Available On Play Store & App Store)
DOWNLOAD APP

DEMO

**Q. 8वें रायसीना डायलॉग में मुख्य अथिति और मुख्य वक्ता कौन हैं - जिओर्जिंया मेलोनी**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

- इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिंया मेलोनी 8वें रायसीना डायलॉग में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता होंगी।
- भारत और इटली इस वर्ष राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष मना रहे हैं।
- 8वां रायसीना डायलॉग 2 मार्च से 4 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित हुआ।
- इसका विषय "प्रोवोकेशन, अनसर्टेन्टी, टर्बुलेंस: लाइटहाउस इन द टेम्पेस्ट" है।
- 7वां रायसीना डायलॉग 25-27 अप्रैल 2022 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

**Q. मध्यप्रदेश का 53वां जिला कौन सा बनेगा - मऊगंज**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

- रीवा जिले में शामिल मऊगंज अब अलग जिला बनने जा रहा है। चार तहसीलों को मिलाकर इसे नया जिला बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इसका नक्शा भी जारी किया है। 15 अगस्त को मऊगंज जिला मुख्यालय पर झंडा फहराया जाएगा।
- इधर, विंध्य क्षेत्र के ही मैहर को भी जिला बनाए जाने की मांग काफी समय से चल रही है।
- मऊगंज अलग जिला बनने से 1070 गांव सहित काफी आबादी रीवा से अलग हो जाएगी। 10 राजस्व सर्किल और 264 पटवारी हल्के इस जिले में शामिल होंगे। इसके अलावा मऊगंज, नईगढ़ी और हनुमान इस जिले में शामिल होंगे
- रीवा की बात करें तो फिलहाल जिले में 2817 गांव हैं और 12 तहसीलें हैं।





BY - RAMKESH Rawat
Download App (Available On Play Store & App Store)
DOWNLOAD APP

DEMO

**Q. हाल ही में सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप किसने जीती है - मध्य प्रदेश**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

- हॉकी मध्य प्रदेश फाइनल में हॉकी महाराष्ट्र को 5-1 से हराकर 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2023 का चैंपियन बना |
- झारखंड ने हॉकी हरियाणा को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया |
- चैंपियनशिप का आयोजन आंध्र प्रदेश में किया गया था |

**Q. हाल ही में किस भारतीय अभिनेत्री को ऑस्कर समारोह 2023 में अवार्ड प्रेजेंट करने के लिए आमंत्रित किया गया है - दीपिका पादुकोण**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

- 95वें अकैडमी अवॉड्र्स में पुरस्कार देने के लिए भारतीय अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को आमंत्रित किया गया है |
- ऑस्कर अवॉर्ड समारोह 12 मार्च 2023 को लॉस एंजिल्स (अमेरिका) के डॉली थिएटर में आयोजित होगा |
- दीपिका पादुकोण फीफा विश्व कप 2022 (कतर) में विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण भी कर चुकी है |
- ऑस्कर अकैडमी ने समारोह के लिए पुरस्कार देने वालों की पहली सूची जारी कर दी है इसमें दीपिका के अलावा एमिली ब्लंट, सैमुअल एल जैक्सन, ड्वेन जॉनसन, माइकल बी जॉर्डन, जेनिफर कोनेली, रिज़ अहमद, ग्लेन क्लोज़ और मेलिसा मैक्कार्थी को शामिल हैं |

**ऑस्कर अवार्ड :-**

- ऑस्कर पुरस्कार हॉलीवुड के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह में से एक है |





BY - RAMKESH Rawat
Download App (Available On Play Store & App Store)
DOWNLOAD APP



DEMO

- ऑस्कर अवार्ड की शुरुवात 16 मई 1929 को हुई थी।
- पुरस्कार फिल्म इंडस्ट्री में उत्कृष्ट निर्देशकों, कलाकारों और लेखकों आदि को प्रदान किया जाता है।
- यह अवार्ड अमेरिका की अकेडेमी ऑफ़ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज़ द्वारा प्रदान किए जाते हैं।
- ऑस्कर अवार्ड जिसे अकैडमी अवार्ड भी कहते है।

**Q. हाल ही में किस नोबेल शांति पुरस्कार विजेता को बेलारुस में 10 साल की सजा सुनाई गई है - एलेस बालियात्स्की**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

- 2022 में नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त करने वाले बेलारुस के एलेस बालियात्स्की को 10 साल की जेल की सजा सुनाई गई है।
- एलेस और उनके सहयगियों को धन की तस्करी और देश में विपक्ष के विरोध प्रदर्शनों को फाइनेंस करने का दोषी ठहराया गया है।
- एलेस बिआलियात्स्की ने बेलारुस में 1980 के दशक में लोकतंत्र की स्थापना का आंदोलन शुरु किया था और इसके लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया है।
- बिआलियात्स्की मानवाधिकार अभियानों के सक्रिय सदस्य रहे हैं जिसके कारण उन्हें कई बार गिरफ़्तार किया गया है।

**2022 नोबेल शांति पुरस्कार के तीन विजेता :-**

- एलेस बिआलियात्स्की : बेलारुस के मानवाधिकार कार्यकर्ता
- मेमोरियल : रुस का मानवाधिकार संगठन
- सिविल लिबर्टीज : यूक्रेन का मानवाधिकार संगठन

**नोबेल पुरस्कार/Nobel prize :-**

समसामयिकी मार्च 2023



BY - RAMKESH Rawat
Download App (Available On Play Store & App Store)
DOWNLOAD APP

- स्थापना - वर्ष 1901

**Q. हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अडानी समूह मामले की जांच के लिए किसकी अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है - ए.एम. सप्रे**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

- सुप्रीम कोर्ट ने अदानी समूह - हिंडनबर्ग मामले की जांच के लिए मार्च 2023 में छह सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित की की है |
- अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस AM सप्रे करेंगे |
- कमेटी 2 महीने में अपनी रिपोर्ट देगी |

**Q. हाल ही में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के नए कोच के रूप में किसे नियुक्त किया गया है - क्रेग फुल्टन**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

- हॉकी इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका के क्रेग फुल्टन को भारतीय पुरुष हॉकी टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है |
- क्रेग फुल्टन ग्राहम रीड की जगह लेंगे जिन्होंने जनवरी 2023 में विश्व कप में भारत के खराब प्रदर्शन के बाद इस्तीफा दे दिया था |

**हॉकी विश्व कप 2023 :-**

- विजेता - जर्मनी
- फाइनल मुकाबला 29 जनवरी को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेला गया था |
- फाइनल में जर्मनी ने बेल्जियम को 5-4 से हराया था |

**Q. पहली बार महिला प्रीमियर लीग किस स्थान पर शुरू हुई है - नवी मुंबई**





BY - RAMKESH Rawat
Download App (Available On Play Store & App Store)
DOWNLOAD APP



### अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :

- पांच टीमों की महिला प्रीमियर लीग (WPL 2023) 4 मार्च 2023 को नवी मुंबई में शुरू हुई
- पहला मुकाबला डी वाई पाटिल स्टेडियम में खेला गया है ।

**महिला प्रीमियर लीग में भाग लेने वाली 5 टीमें :-** मुंबई इंडियंस (MI), रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (RCB), दिल्ली कैपिटल्स (DC), यूपी वारियर्स (UPW) और गुजरात जायंट्स (GG) 'टूर्नामेंट का फाइनल 26 मार्च को मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जाएगा ।

- महिला प्रीमियर लीग की सबसे महंगे खिलाड़ी स्मृति मंधाना है इन्हें 3.40 करोड रुपए में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने खरीदा है ।

**Q. हाल ही में सशस्त्र सीमा बल (SSB) के महानिदेशक के रूप में किसे नियुक्त किया गया है - रश्मि शुक्ला**

### अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :

- वरिष्ठ IPS अधिकारी रश्मी शुक्ला को सशस्त्र सीमा बल (SSB) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है ।
- SSB नेपाल और भूटान के साथ देश की सीमाओं की रक्षा करता है ।
- सशस्त्र सीमा बल की स्थापना 20 दिसंबर 1963 से हुई थी ।

**Q. मऊगंज किस राज्य का 53वां जिला बना है - मध्य प्रदेश**

### अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :

- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रीवा जिले की तहसील मऊगंज को प्रदेश का 53वां जिला बनाने की घोषणा की है ।





BY - RAMKESH Rawat
Download App (Available On Play Store & App Store)
DOWNLOAD APP



DEMO

- उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे मऊगंज जिले में चार तहसीलें होंगी - मऊगंज, हनुमना, नईगढ़ी और देवतालाब जिसकी आबादी छह लाख से अधिक है|

## मध्य प्रदेश :-

- क्षेत्रफल की दृष्टि से यह राजस्थान के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है|
- भारतीय वन स्थिति रिपोर्ट-2021 के अनुसार क्षेत्रफल की दृष्टि से देश में सर्वाधिक वनावरण मध्य प्रदेश में है|
- राज्यपाल - मंगुभाई पटेल
- मुख्यमंत्री - शिवराज सिंह चौहान
- राजधानी - भोपाल

**Q. हाल ही में मध्य प्रदेश के किस शहर में पेड़ों के इलाज के लिए ट्री एम्बुलेंस शुरू की गई है - इंदौर**

## अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :

- हाल ही में इंदौर शहर में पेड़ों के इलाज के लिए ट्री एंबुलेंस शुरू की है|
- इस एंबुलेंस से बीमार पौधों का इलाज किया जा रहा है|
- शहर में सड़कों के किनारे डिवाइडर और शहरी उद्यान में लगे बीमार पौधों की देखभाल का जिम्मा इस एंबुलेंस के पास है|
- इस ट्री एंबुलेंस में हरियाली विशेषज्ञों की टीम एवं उपकरण रहते हैं कर्मचारी कटाई छटाई भी करते हैं|
- इस टीम में शामिल विशेषज्ञ पेड़ पौधों की 30 से ज्यादा बीमारियों का उपचार करने में सक्षम है|
- कॉल आने पर यह ट्री एंबुलेंस घरों के पौधे का उपचार करने भी पहुंचती है निगम ने इसके लिए एक विशेष ग्रीन वाहन तैयार किया है|





BY - RAMKESH Rawat
Download App (Available On Play Store & App Store)
DOWNLOAD APP

**Q. हाल ही में किस खिलाड़ी ने 2022 का BBC इंडियन स्पोर्टवीमेन ऑफ़ द ईयर का खिताब जीता है - मीराबाई चानू**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

- भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने 2022 BBC इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता है|
- BBC पैरा स्पोर्ट्सवुमेन ऑफ द ईयर भाविना पटेल को मिला, जबकि प्रीतम सिवाच (द्रोणाचार्य पुरस्कार पाने वाली पहली महिला हॉकी कोच) को BBC लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया |
- मीराबाई चानू वर्ष 2021 का खिताब जीतने के बाद लगातार दो बार पुरस्कार जीतने वाली पहली एथलीट बनीं |
- चानू, टोक्यो ओलंपिक 2020 में वेटलिफ्टिंग में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनी थीं |

**Q. हाल ही में किस राज्य ने संतोष ट्राफी 2023 जीती है - कर्नाटक**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

- कर्नाटक ने रियाद के किंग फहद इंटरनेशनल स्टेडियम में 76वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में मेघालय को 3-2 से हराया है |
- इस ट्रॉफी को "**हीरो संतोष ट्रॉफी**" के रूप में भी जाना जाता है |

**संतोष ट्रॉफी :**

- यह फुटबॉल से संबंधित ट्रॉफी है |
- इसको रेगुलेट करने वाली संस्था अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) है |
- यह राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता है |
- इसकी स्थापना 1941 में हुई थी |





BY - RAMKESH Rawat
Download App (Available On Play Store & App Store)
DOWNLOAD APP



- संतोष ट्रॉफी की सबसे सफल टीम पश्चिम बंगाल है जिसने 32 बार यह खिताब अपने नाम किया है।
- ऑल इंडिया इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (AIFF) के वर्तमान अध्यक्ष कल्याण चौबे हैं।
- AIFF की स्थापना 1937 में हुई थी।

**Q. अभ्यास कट्लैस एक्सप्रेस 2023 कहाँ आयोजित हो रहा है - जिबूती**

**अन्य परीक्षापयोगी तथ्य :**

- अंतर्राष्ट्रीय समुद्री अभ्यास / कटलैस एक्सप्रेस 2023 (IMX/CE-23) का आयोजन 26 फरवरी से 16 मार्च 2023 तक किया जा रहा है।
- अंतर्राष्ट्रीय समुद्री अभ्यास कटलैस एक्सप्रेस का उद्देश्य समुद्री सुरक्षा को बढ़ाना।

**जिबूती :-**

- जिबूती पूर्वी अफ्रीका में बसा एक देश है।
- इसकी राजधानी जिबूती है।
- मुद्रा - फ्रांक

मध्यप्रदेश सामान्य ज्ञान

*** समाप्त ***

**नोट : सम्पूर्ण पीडीऍफ़ को App से डाउनलोड करें**

**कुल प्रष्ठ : 86 [फ्री]**

**www.myexamguruji.in**



